
**सौगात: प्रधानमंत्री ने लखनऊ में 'न्यू अर्बन इंडिया कॉन्क्लेव' का शुभारंभ किया**

# तीन करोड़ परिवारों को लखपति बनाया : मोदी

लखनऊ | विशेष संवाददाता

चुनावी बेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गरीबों को आवास समेत हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने प्रदेश की पिछली अखिलेश सरकार और पूर्ववर्ती केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह गरीबों के लिए घर बनाने के काम में लगातार अड़ंगा लगा रही थी। उनकी सरकार ने इसी कार्यकाल में तीन करोड़ परिवारों को लखपति बनाया है।

पीएम मंगलवार को लखनऊ में 'न्यू अर्बन इंडिया कान्क्लेव' के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, योगी सरकार ने नौ लाख गरीबों को पक्के आवास दिए हैं। पिछली सरकार में बिजली सुविधा का नहीं बल्कि सियासत का टूल बन गई थी। अब बिजली सबको सब जगह एक समान मिल रही है। गांव की सड़क अब किसी सिफारिश की मोहताज नहीं है। जनता पहले की सरकारों व योगी सरकार के अंतर को समझती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ महानुभाव पूछते हैं कि मोदी ने किया क्या...आज पहली बार ऐसी बात बताना चाहता हूं, इसे सुनने के बाद मेरे विरोध में ऊर्जा खपाने वाले मुझ पर टूट पड़ेंगे। > राजधानी में मोदी पेज 06



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शाल ओढ़ाकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

## यूपी में शहरी विकास को नई गति

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार में गरीबों के अपने घर होने का सपना अब पूरा हो रहा है। यूपी में शहरी क्षेत्र के दायरे का विस्तार किया गया। शहरी विकास को नई गति मिल रही है। वर्ष 2017 से पहले शहरी निकाय 654 थे। हमारी सरकार में इन स्थानीय निकायों की तादाद 734 हो गई है। इन सब शहरों के सुंदरीकरण, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'आजादी @ 75 'नया शहरी भारतः शहरी परिदृश्य में बदलाव' सम्मेलन-सह-एक्सपो में कहा कि अर्बनाइजेशन बदलते समय की मांग हैं।

> बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर बल दिया पेज 04

**75** विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

**12** सौ एकड़ में विकसित की जाएगी नई अयोध्या नगरी

### प्रधानमंत्री ने दी सौगात

- 75 जिलों के 75,000 लाभार्थियों को पीएम आवास की चाबी सौंपी
- सात शहरों के लिए 75 स्मार्ट इलेक्ट्रिक बसों का शुभारम्भ

### केंद्रीय योजनाओं का असर

- शहरी सुविधाओं में सुधार को अब और मिलेगी रफ्तार
- रुके कामों में आएगी तेजी,पानी व सफाई पर ध्यान देगी सरकार

" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दूरदर्शिता से देश में शहरी विकास को काफी बेहतर बना कर नई दिशा प्रदान की है। इसमें कोई शक नहीं कि वह विश्व के सर्वमान्य लोकप्रिय नेता हैं। राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री